16. व्यवहार का 'करना' पक्ष ..... में आता है।

(a) सीखने के गतिक (कोनेटिव) क्षेत्र
(b) सीखने के मनोवैज्ञानिक क्षेत्र
(c) सीखने के संज्ञानात्मक क्षेत्र
(d) सीखने के भावात्मक क्षेत्र

CTET (VI-VIII) 29/01/2012

Ans. (a) व्यवहार 'करना' सीखने के शरीर गतिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है। शरीर गतिक क्षेत्र के अंतर्गत शारीरिक संचालन, शारीरिक क्रिया, शरीर पर नियंत्रण, दृढ़ीकरण आदि आते है, जिनके माध्यम से ही व्यवहार किया जा सकता है।

17. इरफ़ान खिलौनों को तोड़ता है और उसके पुर्जों को देखने के लिए उन्हें अलग-अलग कर देता है। आप क्या करेंगे?

(a) उसके जिज्ञासु स्वभाव को प्रोत्साहित करेंगे और उसकी ऊर्जा को सही दिशा में संचारित करेंगे
(b) उसे समझाएंगे कि खिलौनों को कभी तोड़ना नहीं चाहिए
(c) इरफ़ान को खिलौनों से कभी भी नहीं खेलने देंगे
(d) उस पर हमेशा नजर रखेंगे

CTET (VI-VIII) 26/06/2011

Ans. : (a) बच्चों द्वारा खिलौनों को तोड़ना तथा उनके पुर्जों को देखना यह दर्शाता है कि वह बालक इस तरह का कार्य उत्सुकता पूर्वक करता है। अतः इस प्रकार के बालक को जिज्ञासु स्वभाव को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि उसकी ऊर्जा को सही दिशा में संचारित की जा सके तथा बालक का मानसिक विकास सही दिशा में हो सके।

18. निम्नलिखित में से किस कथन को 'सीखने' के लक्षण के रूप में नहीं माना जा सकता?

(a) व्यवहार का अध्ययन सीखना है
(b) अन-अधिगम (unlearning) भी सीखने का एक हिस्सा है
(c) सीखना एक प्रक्रिया है जो व्यवहार में मध्यस्थता करती है।
(d) सीखना कुछ ऐसी चीज है जो कुछ अनुभवों के परिणामस्वरूप घटित होती है

CTET (VI-VIII) 26/06/2011

Ans. : (a) व्यवहार का अध्ययन सीखना, यह किसी भी प्रकार से सीखने का लक्षण नहीं है क्योंकि व्यवहार का अनुकरण करके उसे सीखा जा सकता है न कि व्यवहार का अध्ययन सीखा जाता है।

19. सबसे अधिक गहन और जटिल समाजीकरण होता है।

(a) पूर्व बाल्यावस्था के दौरान (b) प्रौढ़ावस्था के दौरान
(c) व्यक्ति के पूरे जीवन में (d) किशोरावस्था के दौरान

CTET (VI-VIII) 26/06/2011

Ans. : (d) सबसे अधिक गहन और जटिल सामाजीकरण किशोरावस्था के दौरान होता है। इस अवस्था में किशोरो में समूह निर्माण की प्रवृत्ति, मैत्री भावना का विकास, सामाजिक गुणों का विकास, समूह के प्रति भक्ति, सामाजिक परिपक्वता की भावना का विकास, बहिर्मुखी प्रवृत्ति आदि का विकास होता है जो सामाजीकरण की प्रक्रिया को समृद्ध, गहन व जटिल बनाते है।

20. अभिकथन (A) :
वह कोई उद्देश्यात्मक निश्चित क्षण नहीं होता जब कोई बच्चा मध्य बाल्यावस्था या किशोरावस्था में प्रवेश करता है।
कारण (R) :
विकास, प्रकृति में निरंतर होता रहता है।
सही विकल्प चुनें-

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) और (R) दोनों गलत है।

CTET (VI-VIII) 21/01/2024 (Shift-II)

Ans. (a) : विकास से तात्पर्य अंगों के बेहतर और बढ़ते हुए कार्य के लिए संरचना में वृद्धि के होने से है। यह एक व्यापक और सतत प्रक्रिया हैं, इस प्रकार वह कोई उद्देश्यात्मक निश्चित क्षण नहीं होता जब कोई बच्चा मध्य बाल्यावस्था या किशोरावस्था में प्रवेश करता हैं क्योंकि विकास की प्रकृति निरंतर चलने वाली हैं विकास प्रक्रिया में नई विशेषताओं का समावेश होता हैं और पुरानी विशेषताएँ गायब हो जाती हैं। मनोवैज्ञानिक ने विकास को इन परिवर्तनों गुणों और विशेषताओं की क्रमिक और नियमित उत्पत्ति कहा हैं। अतः अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सही हैं एवं (A) की (R) सही व्याख्या कर रहा हैं।

21. किशोरावस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) किशोरावस्था एक सामाजिक रचना है।
(b) किशोरावस्था को आमतौर पर यौवन को शुरू करने के लिए माना जाता है- यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो यौन परिपक्वता और पुनरुत्पादन की क्षमता की ओर ले जाती है।
(c) किशोरावस्था बचपन और वयस्कता के बीच विकासात्मक संक्रमण है जिसमें शारीरिक, संज्ञानात्मक और मनोसामाजिक परिवर्तन होते हैं।
(d) विभिन्न संस्कृतियों के बच्चे एक समान तरीके से किशोरावस्था में प्रवेश करते हैं और इसे अनुभव करते हैं।

CTET (VI-VIII) 21/01/2024 (Shift-II)

Ans. (d) : विभिन्न संस्कृतियों के बच्चे एक समान तरीके से किशोरावस्था में प्रवेश करते हैं और इसे अनुभव करते हैं। सही नहीं है यह कथन किशोरावस्था में प्रभावित करने वाले कारक :

- जैविक कारक-यौवन की शुरूआत, हार्मोन का स्तर, शारीरिक विकास
- मनोवैज्ञानिक कारक-आत्म-सम्मान, पहचान, जोखिम लेने का व्यवहार
- सामाजिक-सांस्कृतिक कारक : परिवार, समुदाय, मीडिया, सामाजिक दंड

22. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

अभिकथन (A) : बच्चों के बीच विकासात्मक दरों में काफी भिन्नताएँ मौजूद होती हैं।

कारण (R) : विकासात्मक अंतर, आनुवंशिक और अनुभवात्मक विविधताओं की जटिल अंतः क्रिया का एक अनिवार्य परिणाम हैं।

(a) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) और (R) दोनों गलत हैं।
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

CTET (VI-VIII) 20/08/2023 (Shift-II)

Ans. (d) : बच्चों के बीच विकासात्मक दरों में काफी भिन्नताएँ मौजूद होती हैं क्योंकि विकासात्मक अंतर, आनुवंशिक और अनुभवात्मक विविधताओं की जटिल अंतः क्रिया का एक अनिवार्य परिणाम है। विकासात्मक अंतर में कार्यप्रणाली और भावनात्मक विनियमन की प्रभावशीलता में परिवर्तन शामिल है।

अतः (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

23. किस स्तर पर बच्चे नियमों के साथ खेलों में भाग लेने में सक्षम होते हैं, उनकी एथलेटिक क्षमताओं का विकास होता है और तार्किक विचार प्रक्रिया भी बढ़ जाती है, हालांकि यह ठोस अनुभवों तक ही सीमित होती है?

(a) बचपन (b) मध्य बचपन
(c) किशोरावस्था (d) शैशवास्था

CTET (VI-VIII) 29/12/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : बच्चे का विकास विभिन्न अवस्थाओं में होता है। यद्यपि प्रत्येक अवस्था का अन्य अवस्थाओं के साथ एक व्यापक संबंध होता है, लेकिन इसकी अपनी विशिष्ट आवश्यकताएँ और माँगे होती हैं। मध्य बचपन या बाल्यावस्था की समय अवधि 6 वर्ष से 12 वर्ष की आयु तक होती है। इस समय के दौरान, विकास दर धीमा लेकिन स्थिर होता है। इस स्तर पर बच्चे नियमों के साथ खेलों में भाग लेने में सक्षम होते हैं, उनकी एथलेटिक क्षमताओं का विकास होता है और तार्किक विचार प्रक्रिया भी बढ़ जाती है, हालांकि यह ठोस अनुभवों तक ही सीमित होती हैं।

24. व्यक्तिगत भिन्नता का सिद्धांत बताता है कि :

(a) सभी बच्चों के शारीरिक विकास की गति एकसमान होती है।
(b) सभी बच्चों की वृद्धि की गति एक जैसी होती है।
(c) विभिन्न बच्चों के विकास और वृद्धि की गति में अंतर हो सकता है।
(d) सभी बच्चों के भाषायी विकास की गति एकसमान होती है।

CTET (VI-VIII) 10/01/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : व्यक्तिगत भिन्नता का सिद्धान्त बताता है कि विभिन्न बच्चों के विकास और वृद्धि की गति में अंतर हो सकता है। जिसका एक कारण आयु और बुद्धि भी है। आयु के साथ-साथ बालक का शारीरिक, मानसिक और संवेगात्मक विकास होता है, इसलिए विभिन्न आयु के बालकों में अन्तर मिलता है।

25. वह कौन सी अवस्था है जिसमें बच्चे परिवार से स्वायत्तता स्थापित करते हैं और अपने व्यक्तिगत मूल्यों एवं लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए अपनी खुद की एक पहचान का निर्माण करते हैं?

(a) प्रारंभिक बाल्यावस्था
(b) मध्य बाल्यावस्था
(c) उत्तर बाल्यावस्था
(d) किशोरावस्था

CTET (VI-VIII) 12/01/2023 (Shift-II)

Ans. (d) : किशोरावस्था में बच्चे परिवार से स्वायत्तता स्थापित करते हैं और अपने व्यक्तिगत मूल्यों एवं लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए अपनी खुद की एक पहचान का निर्माण करते हैं। विद्वानों ने (13-21) वर्ष की अवस्था को किशोरावस्था माना है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार किशोरावस्था यौनिक परिपक्वता से प्रारम्भ होती है और वैधानिक परिपक्वता पर समाप्त हो जाती है। परिवर्तन की इस अवस्था में माता पिता, शिक्षक, अभिभावक तथा अन्य लोग जो बालकों के कल्याण में रुचि रखते हैं और परिवार समाज व राष्ट्र की प्रगति चाहते हैं तो उन्हें किशोरों के विकास पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये क्योंकि किशोर ही वर्तमान की शक्ति और भविष्य की आशा है। स्टेनले हॉल के अनुसार, ''किशोरावस्था बड़े संघर्ष, तूफान व विरोध की अवस्था है।''

26. कथन (A): शारीरिक विकास के संदर्भ में बच्चों के विकास को समझने के लिए यह ज़रूरी है कि बजाए एक विशिष्ट उम्र को देखने के, विकास की 'सीमा क्षेत्र' को देखा जाए।

तर्क (R): बच्चों की वृद्धि व विकास में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं।

सही विकल्प चुनें।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता हैं (A) की।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं हैं (A) की।

(c) (A) सही है लेंकिन (R) गलत है।

(d) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

CTET (VI-VIII) 12/01/2023 (Shift-II)

Ans. (a) : शारीरिक विकास के संदर्भ में बच्चों के विकास को समझने के लिए यह जरूरी है कि बजाए एक विशिष्ट उम्र को देखने के, विकास की 'सीमा क्षेत्र' को देखा जाए क्योंकि बच्चों की वृद्धि व विकास में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती है। कभी-कभी वृद्धि और विकास दोनों को पर्याय मान लिया जाता है लेकिन इनमें अंतर है। वृद्धि को मानव के कोशीय वृद्धि के संदर्भ में समझा जाता है वहीं विकास का संदर्भ वृद्धि के साथ मानव के सम्पूर्ण पक्ष में वृद्धि से है। अर्थात् विकास में वृद्धि तो निहित है ही, साथ ही साथ व्यक्ति के मानसिक, भावात्मक, सामाजिक, नैतिक आदि पक्षों में परिवर्तन से है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

27. बाल विकास की गति :

(a) एकसमान, मानकीय और अव्यवस्थित होती है।

(b) में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं और यह अव्यवस्थित होती है।

(c) एकसमान, मानकीय और कुछ हद तक सुनियोजित और क्रमानुसार होती है।

(d) में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं और यह कुछ हद तक सुनियोजित और क्रमानुसार होती है।

CTET (VI-VIII) 13/01/2023 (Shift-II)

Ans. (d) : बाल विकास की गति में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं और यह कुछ हद तक सुनियोजित और क्रमानुसार होती है। एक बच्चा एक क्रमबद्ध क्रम में विकसित होता है। जो सभी बच्चों में लगभग समान होता है। विकास की दर और गति अलग-अलग मामलों में भिन्न हो सकती है, लेकिन सभी बच्चों में विकास स्वरूप का क्रम लगभग समान है। इस प्रकार मानव विकास कुछ सिद्धान्तों पर आधारित है। जन्म के पूर्व और प्रसव के बाद मनुष्य का विकास एक स्वरूप या एक सामान्य अनुक्रम का पालन करता है। शारीरिक विकास, पेशीय या भाषा विकास और बौद्धिक निश्चित क्रमों में होता है।

28. किस उम्र में बच्चों के क्रियाकलाप प्रमुखतः बड़ी मांसपेशियों के स्थूल गति के प्रयोग पर केन्द्रित होते हैं बजाए सूक्ष्म गति कार्य के?

(a) शैशवावस्था (b) प्रारंभिक बाल्यावस्था

(c) किशोरावस्था (d) माध्यमिक बाल्यावस्था

CTET (VI-VIII) 13/01/2023 (Shift-II)

Ans. (a) : शैशवावस्था में बच्चों के क्रियाकलाप प्रमुखतः बड़ी मांसपेशियों के स्थूल गति के प्रयोग पर केन्द्रित होते हैं बजाए सूक्ष्म गति कार्य के। स्थूल गत्यात्मक कौशल वे हैं जिन्हें, चलने संतुलन बनाने, दौड़ने और घिसटकर चलने जैसे कार्यों को करने के लिये बड़ी मांसपेशियों के समूह के उपयोग की आवश्यकता होती है।

सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल वे हैं जिनमें कलाई, हाथ, अंगुलियों, पैरों की उंगलियों और अंगूठों के साथ सूक्ष्म कार्य करने के लिए छोटी मांसपेशियों के समूह के उपयोग की आवश्यकता होती है।

29. कथन (A) : स्कूल में सीखने के लिए बच्चों के गति कौशल का समन्वय महत्वपूर्ण नहीं है।

तर्क (R) : सीखना और विकास एक दूसरे से स्वतंत्र हैं।

सही विकल्प चुनें।

(a) A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) और (R) दोनों गलत है।

CTET (VI-VIII) 24/01/2023 (Shift-II)

Ans. (d) : स्कूल में सीखने के लिए बच्चों के गति कौशल का समन्वय महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि सीखना और विकास एक दूसरे से स्वतंत्र है; ये दोनों (A) और (R) गलत हैं। क्योंकि स्कूल में सीखने के लिए बच्चों में मोटर समन्वय महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों को अपने आस-पास की दुनिया का पता लगाने में भी मदद मिलती है। तथा मोटर समन्वय के द्वारा बच्चा चलना, दौड़ना, कूदना जैसी क्षमताओं को प्राप्त करता है। अतः सीखना और विकास एक दूसरे के अंतर्संबंधित है।

30. कथन (A) : सीखने की प्रक्रिया के दौरान बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों को उनके संज्ञानात्मक विकास के एक भाग के रूप में देखा जाना चाहिए।

तर्क (R) : बच्चे व्यस्कों की तुलना में चीजों को अलग तरह से सीखते हैं।

सही विकल्प चुनें–

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) और (R) दोनों गलत है।

CTET (VI-VIII) 28/01/2023 (Shift-II)

Ans. (a) : उपयुक्त कथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या है (A) की।

सीखने की प्रक्रिया के दौरान बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों को उनके संज्ञानात्मक विकास के एक भाग के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि बच्चे वयस्कों की तुलना में चीज़ों को अलग तरह से सीखते हैं। वयस्कों को यह जानने की जरूरत होती है कि कुछ क्यों सीखना है; जैसे ही वे इस प्रश्न का उत्तर देते हैं, वे आरम्भ करने के लिए तैयार होते हैं दूसरी ओर, बच्चों को आमतौर पर बताया जाता है कि उन्हें क्या सीखना है। इसीलिए बच्चे वयस्कों की तुलना में अलग तरह से सीखते हैं। बच्चे गुणात्मक रूप से वयस्कों से भिन्न होते हैं।

31. विकास की 'संवेदनशील अवधि' से क्या तात्पर्य है?

(a) वह समय अवधि जब बच्चे अधिगम के कुछ प्रकारों के प्रति तत्पर हैं।
(b) वह समय अवधि जब बच्चे बहुत भावुक होते हैं।
(c) गर्भधारण से जन्म तक की समय अवधि
(d) शैशवावस्था से किशोरावस्था तक की समय अवधि

CTET (VI-VIII) 28/01/2023 (Shift-II)

Ans. (a) : 'वह समय अवधि जब बच्चे अधिगम के कुछ प्रकारों के प्रति तत्पर है' यह विकास की 'संवेदनशील अवधि' कहलाती है। संवेदनशील अवधि वह होती है जब बच्चा एक कौशल प्राप्त करने के लिए परिपक्व होता है। इस अवधि के दौरान बच्चे के पास अनुकूल अनुभव होना चाहिए जो उसे कौशल प्राप्त करने में मदद करते हैं। एक संवेदनशील अवधि जीवन में वह समय अवधि होती है जब बच्चे के विकास पर पर्यावरणीय प्रभाव का सबसे अधिक और गहरा प्रभाव पड़ता है।

32. स्नेहा का कद बहुत तेजी से बढ़ रही है और अब उसका हाथ उसकी लंबी अलमारी के हैंडल तक आसानी से पहुँच सकता है जिससे वह बहुत आसानी से अलमारी खोल सकती है। स्नेहा की कद में बदलाव को _____ कहा जाता है?

(a) पाड़ (b) वृद्धि
(c) सीखना (d) अनुकूलन

CTET (VI-VIII) 02/02/2023 (Shift-II)

Ans. (b) : स्नेहा का कद बहुत तेजी से बढ़ रही है और अब उसका हाथ उसकी लंबी अलमारी के हैंडल तक आसानी से पहुँच सकता है जिससे वह बहुत आसानी से अलमारी खोल सकती है। स्नेहा की कद में बदलाव को वृद्धि कहा जाता है। वृद्धि मात्रात्मक होती है और एक समय पर रूक जाती है जबकि विकास गुणात्मक होता है और जीवन पर्यंत तक चलता ही रहता है।
पाड़ या मचान बच्चों को संकेत व इशारे करने से सम्बन्धित होता है।

33. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थूल गामक कौशलों का उदाहरण है?

(a) चित्र बनाना (b) सुई पकड़ना
(c) तेज चलना (d) धागे में मोती पिरोना

CTET (VI-VIII) 03/02/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : स्थूल कौशल के अन्तर्गत वे बड़ी गतिविधियाँ आती हैं जो शिशु अपनी बाजुओं, टांगों, पैरों या पूरे शरीर के जारिये करते हैं। घुटनों के बल चलना, खड़े होकर चलना,तेज चलना, दौड़ना और कूदना आदि स्थूल कौशलों के उदारहण हैं।

34. विकास का 'अधोगामी' सिद्धान्त बताता है कि विकास किस ओर से किस तरफ बढ़ता है?

(a) जटिल से सरल (b) सिर से पैर
(c) केन्द्र के बाह्य (d) सामान्य से विशिष्ट

CTET (VI-VIII) 03/02/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : विकास का 'अधोगामी' सिद्धान्त यह बताता है कि विकास शरीर के केन्द्र से बाहर की ओर होता है अर्थात् पहले स्पाइनल कॉर्ड बनेगी, फिर हृदय और इसी क्रम में विकास होता चला जायेगां जैसे- बच्चों का खड़े होने से पहले बैठने में सक्षम होना, बच्चे हाथों और पैरों को हिलाना सीखने से पहले अपने सिर को हिलाना सीखते हैं; ये सभी अधोगामी सिद्धान्त को स्पष्ट करते है।

35. बच्चों के विकास की दिशा _____ होती है और प्रत्येक बच्चा _____।

(a) एक जैसी; अपनी गति से विकसित होता है।
(b) अलग-अलग; अपनी गति से विकसित होता है।
(c) एक जैसी; समान रूप से विकसित होता है।
(d) अलग-अलग रूप से विकसित होता है।

CTET (VI-VIII) 04/02/2023 (Shift-II)

Ans. (b) : बच्चों की विकास की दिशा 'अलग' होती है और प्रत्येक बच्चा 'अपनी गति से विकसित होता है'। आनुवंशिकता तथा पर्यावरण प्रभावों के बीच परस्पर अंतःक्रिया से बालकों के विकासात्मक रूप में व्यक्तिगत भिन्नता होती है तथा प्रत्येक बालक के विकास की गति समान नही होती अपितु वे अपनी स्वयं की गति से विकास करते हैं।

36. कथन (A) : सभी बच्चों को बचपन में खेलने के अवसर और समय नहीं मिलता है।
तर्क (R) : सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के आधार पर बच्चे बचपन को अलग-अलग तरह से अनुभव करते हैं।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

CTET (VI-VIII) 04/02/2023 (Shift-II)

Ans. (a) : सभी बच्चों को बचपन में खेलने के अवसर और समय नहीं मिलता है क्योंकि सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भो के आधार पर बच्चे बचपन को अलग-अलग तरह से अनुभव करते हैं। संस्कृति प्राकृतिक होती है जो स्थान, समय, समुदाय और वंश के अनुसार भिन्न होती है। हर बालक का जीवन उसके समाज और संस्कृति से प्रभावित होता है जो कि उसे घेरती है और उसे वैसे ही अपनाती है जैसे वह है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि (A) और (R) दोनों सहीं है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की। अतः विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

37. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :
अभिकथन (A) : बच्चों के बीच विकासात्मक दरों में काफी भिन्नताएँ मौजूद होती हैं।
कारण (R) : विकासात्मक अंतर, आनुवंशिक और अनुभवात्मक विविधताओं की जटिल अंतः क्रिया का एक अनिवार्य परिणाम हैं।

(a) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) और (R) दोनों गलत हैं।
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

CTET (VI-VIII) 20/08/2023 (Shift-II)

Ans. (d) : बच्चों के बीच विकासात्मक दरों में काफी भिन्नताएँ मौजूद होती हैं क्योंकि विकासात्मक अंतर, आनुवंशिक और अनुभवात्मक विविधताओं की जटिल अंतः क्रिया का एक अनिवार्य परिणाम है। विकासात्मक अंतर में कार्यप्रणाली और भावनात्मक विनियमन की प्रभावशीलता में परिवर्तन शामिल है।
अतः (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

38. कक्षा में एक बच्चा अपने सहपाठियों से इस तरह व्यवहार करता है और जैसे उससे उसके घर में बर्ताव किया जाता है। यह किसका उदाहरण है?

(a) संरचनावाद (b) सामाजिक संरचनावाद

(c) अवलोकन अधिगम (d) मानववादी अधिगम

CTET (VI-VIII) 21/12/2021

Ans. (c) : कक्षा में एक बच्चा अपने सहपाठियों से इस तरह व्यवहार करता है और उससे उसके घर में बर्ताव किया जाता है। यह अवलोकन अधिगम का उदाहरण है। अवलोकन अधिगम सीखने का एक रूप है। जिसमें लोग किसी अन्य व्यक्ति को उस व्यवहार को देखकर नया व्यवहार प्राप्त करते हैं। व्यवहार करने वाले व्यक्ति को मॉडल के रूप में जाना जाता है। अवलोकन अध्ययन अनुसंधान के प्रणेता अल्बर्ट बंडुरा है। संज्ञानात्मक और समस्या–समाधान के कौशल को दूसरों को देखकर और उसकी नकल करके सीखा जा सकता है।

39. कथन (A) : बच्चों और बचपन के बारे में समनायिकृत दावा करना कठिन हैं क्योंकि इसमें बहुत बहुलता/विविधता है।

तर्क (R) : बचपन एक सामाजिक-सांस्कृतिक संकल्पना है।

सही विकल्प चुनें।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) और (R) दोनों गलत है।

CTET (VI-VIII) 21/12/2021

Ans. (a) : (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

तर्क (R) बचपन एक सामाजिक सांस्कृतिक संकल्पना है। बचपन पर समाज और संस्कृति का विशेष प्रभाव पड़ता है।

कारण (A) बच्चों और बचपन के बारे में समनायिकृत दावा करना कठिन हैं, क्योंकि इसमें बहुत बहुलता/विविधता है। क्योंकि इन दोनों में बहुत से विभिन्नता रहती है सभी बालकों का विकास अलग-अलग होता है।

40. समकालीन सिद्धान्त 'बचपन' को _____ मानते हैं -

(a) एक सामाजिक संरचना

(b) सभी संस्कृतियों में पवित्र काल

(c) बहुत अधिक तनाव और चिंता काल

(d) किशोरावस्था तक का विकास काल

CTET (VI-VIII) 23/12/2021

Ans. (a) : समकालीन सिद्धान्त बचपन को एक सामाजिक संरचना मानते है। सामाजिक संरचना का अभिप्राय समाज की इकाइयों की क्रमबद्धता से होता हैं। सामाजिक इकाइयां जैसे समूह, समितियां, संस्थाएं, परिवार, सामाजिक प्रतिमान आदि की क्रमबद्धता को सामाजिक संरचना कहा जाता हैं।

कार्ल मैनहीम के अनुसार, ''सामाजिक संरचना शक्तियों के ताने बाने को कहते हैं, जिसके फलस्वरूप अवलोकन तथा सोचने विचारने के तरीके या ढंग विकसित होते हैं।''

41. सामाजिक संरचनात्मक परिप्रेक्ष्य में बच्चों को किस तरह से देखते हैं?

(a) जानकारी के निष्क्रिय ग्रहणकर्ता

(b) अपने सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ से स्वतंत्र

(c) ज्ञान के सक्रिय सृजनकर्ता

(d) आनुवंशिकता से पूर्व-क्रमादेशित

CTET (VI-VIII) 27/12/2021

Ans. (c) : सामाजिक संरचनात्मक परिप्रेक्ष्य में बच्चों को ज्ञान के सक्रिय सृजनकर्ता के रूप में देखते हैं। सामाजिक संरचनात्मक परिप्रेक्ष्य में सीखने का एक दृष्टिकोण है जो वास्तविक जीवन स्थितियों से संबंधित चर्चा और परियोजनाओं में शिक्षार्थियों को शामिल करके सहयोगी शिक्षण को प्रधानता देता है। शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करता है और सहपाठियों को पढ़ाने को बढ़ावा देता है। सामाजिक संरचनात्मक परिप्रेक्ष्य में बच्चों को ज्ञान के सक्रिय सृजनकर्ता और अर्थ निर्माता के रूप में देखते हैं। यह सीखने वालों को गतिविधि करने के लिए अधिगम की अपनी रणनीति को बढ़ावा देने की अनुमति देता है।

42. विकास का वह चरण जब कोई जीव सबसे तेजी से किसी विशेष कौशल या विशेषता को प्राप्त कर सकता है, क्या कहलाता है?

(a) संवेदनशील अवधि

(b) समीपस्थ विकास का क्षेत्र

(c) विकासात्मक विलंब

(d) संज्ञानात्मक स्थिरता

CTET (VI-VIII) 24/12/2021

Ans. (a) : विकास का वह चरण जब कोई जीव सबसे तेजी से किसी विशेष कौशल या विशेषता को प्राप्त कर सकता है, यह संवेदनशील अवधि (Sensitive Period) कहलाता है। यह वह चरण है जो बालक के सम्पूर्ण भावी जीवन को प्रभावित करती है। इसलिए इसे मानव जीवन का आधार माना जाता है। इस अवस्था में बालक को जो कुछ भी सिखाया जाता है या करवाया जाता है उसका बालक के ऊपर अमिट प्रभाव तत्काल पड़ता है। जीवन के इस चरण में उनका शरीर तथा मस्तिष्क अत्यंत ग्रहणशील रहते हैं। इस चरण में अन्य चरणों की तुलना में सीखने का क्षेत्र तथा तीव्रता अधिक व्यापक होता है।

43. कथन (A) : मानव अपने पूरे जीवन काल के दौरान गत्यात्मक और संज्ञानात्मक क्षेत्रों में नई चीज़ें सीखने और स्मरण रखने के योग्य है।

कथन (R) : एक गंभीर रूप से पीड़ित बचपन के परिणामों को बाद के वर्षों में आसानी से बदला जा सकता है।

सही विकल्प चुनें।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।

(c) (A) सही हैं लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

CTET (VI-VIII) 22/12/2021

Ans. (c) : मानव अपने पूरे जीवनकाल के दौरान गत्यात्मक और संज्ञानात्मक क्षेत्रों में नई चीजें सीखने और स्मरण रखने के योग्य है क्योंकि मानव की विकास प्रक्रिया निरन्तर अविराम गति से चलती रहती है तथा सीखना एक निरंतर चलने वाली सार्वभौमिक प्रक्रिया है। मानव जन्म से ही सीखना प्रारम्भ कर देता है तथा मृत्युपर्यन्त कुछ न कुछ सीखता रहता है। परिस्थिति तथा आवश्यकता के अनुरूप सीखने की गति घटती-बढ़ती रहती है तथा एक गंभीर रूप से पीड़ित बचपन के परिणामों को बाद के वर्षों में आसानी से बदला नहीं जा सकता है क्योंकि इस अवस्था की घटनाओं या कार्यों का बालक के ऊपर अमिट प्रभाव पड़ता है। अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

44. बेहतर एथलेटिक (शारीरिक) क्षमताएँ, नियमों के साथ खेलों में भागीदारी, तार्किक विचार प्रक्रियाएँ जो ठोस अनुभवों के आसपास केन्द्रित होती हैं, वे किस अवधि के लक्षण हैं?

(a) शैशवावस्था (b) प्रारंभिक बचपन
(c) मध्य बचपन (d) किशोरावस्था

CTET (VI-VIII) 04/01/2022

Ans. (c) : बेहतर एथलेटिक (शारीरिक) क्षमताएँ, नियमों के साथ खेलों में भागीदारी, तार्किक विचार प्रक्रियाएँ जो ठोस अनुभवों के आसपास केन्द्रित होती हैं, वे मध्य बचपन अवधि के लक्षण है। मध्य बचपन की अवधि 6 से 12 वर्ष होती है। धीमी वृद्धि, बेहतर मोटर कौशल, बेहतर सोचने की क्षमता, दोस्तों, माता-पिता के साथ, पड़ोसी के साथ बातचीत करना आदि मध्य बचपन अवधि की विशेषताएं है। मध्य बचपन में एक बालक द्रव्यमान संख्या और क्षेत्रफल के परिवर्तन को समझ सकता है।

45. अधिगम का वह रूप जिसमें बच्चे दूसरों की नकल करके सीखते हैं, क्या कहलाता है?

(a) सामाजिक अधिगम (b) व्यवहारवादी अधिगम
(c) अन्वेषण अधिगम (d) मानवतावादी अधिगम

CTET (VI-VIII) 29/12/2021

Ans. (a) : अधिगम का वह रूप जिसमें बच्चे दूसरों की नकल करके सीखते हैं, सामाजिक अधिगम (social learning) कहलाता है। अर्थात् दूसरों को देखकर उनके अनुरूप व्यवहार करने के कारण अथवा दूसरों के व्यवहारों को अपने जीवन में उतारने तथा समाज द्वारा स्वीकृत व्यवहारों को धारण करने तथा अमान्य व्यवहारों को त्यागने के कारण ही यह सामाजिक अधिगम कहलाता है। सामाजिक अधिगम, व्यक्ति अधिगम या समूह अधिगम की अपेक्षा अधिक बड़े पैमाने पर होता है। इसके द्वारा अभिवृत्ति या व्यवहार में परिवर्तन हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है। अतः सामाजिक अधिगम इस बात पर बल देता है कि बच्चे के सामने हमेशा आदर्श व्यवहार के प्रतिमान को प्रस्तुत करना चाहिए।

46. संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था में अमूर्त सोच और वैज्ञानिक तर्क की क्षमता विकसित होती है?

(a) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(b) संवेदक-गामक अवस्था
(c) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था
(d) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था

CTET (VI-VIII) 29/12/2021

Ans. (d) : संज्ञानात्मक विकास की औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (formal operational stage) में अमूर्त सोच और वैज्ञानिक तर्क की क्षमता विकसित होती है। यह अवस्था लगभग 11 से 15 वर्ष की आयु तक चलती है। इस अवस्था के दौरान बालक अमूर्त बातों के संबंध में तार्किक चिंतन करने की योग्यता विकसित करता है। मूर्त वस्तुओं तथा सामग्री के स्थान पर शाब्दिक तथा सांकेतिक अभिव्यक्ति का प्रयोग तार्किक चिंतन में किया जाता है। इस अवस्था में समस्या-समाधान व्यवहार अधिक व्यवस्थित हो जाता है। बालक निष्कर्ष निकालने लगता है, व्याख्या करने लगता है तथा परिकल्पनायें बनाने लगता है। औपचारिक संक्रियात्मक विचार बालकों को वास्तविकता से बाहर जाने तथा संभावनाओं पर विचार करने योग्य बनाते हैं।

47. कथन (A): बच्चों को आरंभिक बाल्यावस्था में विकास और अधिगम हेतु प्यार, देखभाल और बहुत से अवसर प्रदान करने चाहिए।
तर्क (R): गंभीर रूप से वंचित बाल्यावस्था के परिणामों को बाद के बर्षों में बदलना बहुत आसान होता है।
सही विकल्प को चुनें-

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) सही है और (R) गलत है।
(d) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

CTET (VI-VIII) 29/12/2021

Ans. (c) : बच्चों को आरम्भिक बाल्यावस्था में विकास और अधिगम हेतु प्यार, देखभाल और बहुत से अवसर प्रदान करने चाहिए। इस अवस्था में बालक अपनी आदतों, व्यवहार, रुचियों, इच्छाओं आदि प्रतिरूपों का निर्माण कर लेता है, जिन्हें बाद में रूपान्तरित करना प्रायः अत्यन्त कठिन होता है। इस अवस्था में बालक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा आरम्भ करता है। गंभीर रूप से वंचित बाल्यावस्था के परिणामों को बाद में बदलना आसान नहीं होता है क्योंकि बाल्यावस्था के दौरान ही बालक के आधारभूत दृष्टिकोणों, नैतिक मूल्यों तथा आदर्शों का काफी सीमा तक निर्धारण हो जाता है। अतः कथन (A) सही है और (R) गलत है।

48. किस अवधि के दौरान विचार अमूर्त और आदर्शवादी हो जाता है?

(a) शैशवावस्था (b) प्रारंभिक बचपन
(c) मध्य बचपन (d) किशोरावस्था

CTET (VI-VIII) 01/01/2022

Ans. (d) : किशोरावस्था की अवधि (12 से 18 वर्ष) के दौरान विचार अमूर्त और आदर्शवादी हो जाता है। इस अवधि में बालक दो अवस्थाओं में रहता है। न तो उसे बालक ही समझा जाता है और न ही प्रौढ़ के रूप में स्वीकृति मिलती है। इस अवधि में मानसिक योग्यताओं का तीव्र गति से विकास होता है। जिज्ञासा, स्मृति, कल्पना, सृजनात्मकता, तर्कशक्ति, निर्णय लेने की क्षमता अधिक विकसित हो जाती है। इस अवधि में बालक समूह को महत्त्व देना, समाज-सेवा की भावना, ईश्वर व धर्म में विश्वास, स्वाभिमान की भावना आदि पर बल देने लगते हैं।

49. बाल विकास में 'संवेदनशील अवधि' का क्या अर्थ है?

(a) केवल संज्ञान और सीखने में तेजी से प्रगति से संबंधित अवधि ।
(b) विशिष्ट क्षमताओं के विकास के लिए इष्टतम अवधि।